नेटफ्लिक्स के इस वेब सीरीज में नजर आएंगी हुमा कुरैशी

अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने अपनी आने वाली वेब सीरीज लीला की शूटिंग पूरी कर ली. अपने अंतिम शेड्यूल को पूरा करने के बाद हुमा ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट किया और कहा कि वह शो में इस तरह के सुंदर किरदार को निभाने का मौका पाने के लिए आभारी हैं.

प्रयाग अकबर की किताब पर आधारित लीला में शालिनी (हुमा) के सफर के दिखाया जाएगा. शालिनी एक मां है, जो अपनी खोई बेटी लीला की तलाश में निकलती है.

दीपा मेहता, शंकर रमन और पवन कुमार की तरफ से डायरेक्ट किए छह एपिसोड की इस सीरीज को प्रिया श्रीधरन और वसीम खान ने प्रोड्यूस किया है.

हुमा ने शो की कास्ट और क्रू के प्रति भी अपना प्यार जताया.

टीम का धन्यवाद करते हुए उन्होंने लिखा, मेरे दो प्रोड्यूसर प्रिया श्रीधरन और वसीम खान, जिन्होंने शो के लिए सब कुछ दिया. यह एक कठिन और मुश्किल सफर था लेकिन इस सुदंर किरदार को निभाने का मौका देने के लिए मैं आभारी हूं.

उन्होंने कहा, मुझे चुनने के लिए दीपा मेहता का धन्यवाद. आपके निर्देशन, आपकी विनम्रता, आपकी दोस्ती, आपके विश्वास ने मेरी जिंदगी को इतना प्रभावित किया है, जितना आप सोच भी नहीं सकतीं. मुश्किल वक्त में समर्थन और हमेशा एक सुरक्षित स्थान देने के लिए धन्यवाद शंकर रहमान.

लीला का ट्रेलर जल्द लॉन्च होगा, जबकि शो 14 जून को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगा.

स्त्री के सीक्वल जब भी आए, राजकुमार राव ही आएंगे नजर

राजकुमार राव स्टारर स्त्री पिछले साल की सबसे हिट फिल्मों में से एक रही। फिल्म में हॉरर और कॉमिडी का जो तड़का लगा था उसकी जबरदस्त तारीफ हुई। स्त्री देखने के बाद से ही फैन्स को इस फिल्म के सीच्ल का इंतजार है। खबर है कि फिल्म के सीच्ल पर काम चल रहा है लेकिन फिल्म के लीड स्टार्स को लेकर सस्पेंस बना हुआ है।

हाल ही में दिनेश विजन ने राजकुमार राव के साथ एक और हॉरर फिल्म रूह-आफजा की घोषणा की है। इसी के साथ ही स्त्री के सीच्ल की भी चर्चा है। हाल ही में चर्चा थी कि स्त्री-2 में लीड रोल में वरुण धवन नजर आएंगे। अब वरुण धवन ने साफ किया है कि वह राजकुमार राव को रीप्लेस नहीं करेंगे। इससे साफ है कि फैन्स को एक बार फिर से इस फिल्म में राजकुमार राव का जलवा देखने को मिलेगा। हालांकि, मेकर्स ने अभी इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

एक सूत्र के अनुसार स्त्री को लोगों की जितनी तारीफ मिली, इसके सीच्ल की चर्चा आम बात है। हालांकि, सीच्ल जब भी बनेगा उसमें राजकुमार राव ही होंगे। सूत्र ने कहा कि फिल्म के डायरेक्टर अमर कौशिक भी इस बात को साफ कर चुके हैं।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अविका गोर के डांस से फैन्स हुए इम्प्रेस

अविका गोर ने छोटी उम्र में ही बालिका वधू सीरियल से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली थी। उनकी फैन फॉलोइंग आज भी कम नहीं हुई है। ऐक्टिंग के बाद अब अविका अपने डांस मूव्ज से फैन्स का दिल जीतते हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक विडियो शेयर किया जिसमें वह रोमांटिक डांस करती दिख रही हैं।

ऑफिशल हैंडल पर शेयर हुए इस विडियो में अविका गोर फिल्म ता रा रम पम के रोमांटिक ट्रैक हे शोना पर डांस करती दिख रही हैं। इसमें वह अपने डांस पार्टनर के साथ जिस तरह से ताल से ताल मिलाती दिखीं उससे साफ है कि अविका डांस पर काफी मेहनत कर रही हैं। उनके बढ़िया डांस मूव्ज देख फैन्स ने भी उनकी काफी तारीफ की। वैसे यह पहली बार नहीं है जब अविका ने अपना डांस विडियो शेयर किया हो। इससे पहले भी वह कई बार अलग-अलग सॉन्ग्स पर डांस करते हुए विडियो पोस्ट कर चुकी हैं। बता दें कि, अविका हाल ही में शो खतरों के खिलाड़ी में नजर आई थीं। इसमें वह कंटेस्टेंट के रूप में शामिल हुई थीं। फिलहाल अविका ने कोई नया प्रॉजेक्ट साइन नहीं किया है।

महत्वाकांक्षी अभिनेत्री की भूमिका में नजर आएंगी करिश्मा शर्मा

वेब सीरीज रागिनी एमएमएस रिटर्न्स की अभिनेत्री करिश्मा शर्मा एएलटी बालाजी के आगामी शो फिक्सर में महत्वाकांक्षी अभिनेत्री के रूप में नजर आएंगी।

करिश्मा ने एक बयान में कहा, शुरू में, मैं इस शो को करने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी। लेकिन पटकथा पढ़ने और अपने किरदार को समझने के बाद मैं इसका हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हो गई। मेरा किरदार एक छोटे शहर की लड़की का है जो अभिनेत्री बनने के लिए मुंबई जाती है। वह एएलटी बालाजी के रागिनी एमएमएस रिटर्न्स और हम-आई एम बिकॉज ऑफ अस का हिस्सा भी रही हैं।

करिश्मा ने कहा, मैं एक बार फिर से एएलटी बालाजी के साथ काम करने को लेकर खुश हूं। जैसा कि मेरी पिछली कुछ वेब सीरीज एएलटी बालाजी के साथ रही है तो यह मेरे लिए होम प्रोडक्शन जैसा है।

कन्नड़ सीख रही हैं पत्रलेखा

व्हेयर इज माई कन्नडाका? से कन्नड़ फिल्मों की शुरुआत करने को लेकर उत्साहित अभिनेत्री पत्रलेखा ने कहा कि वह नई भाषा सीखने का आनंद ले रही हैं। पत्रलेखा ने एक बयान में कहा, मैंने हमेशा विभिन्न विधाओं व उद्योगों की फिल्में देखने का आनंद लिया है और मैं कॉलेज के दिनों में दोस्तों के साथ दक्षिण भारतीय फिल्में खूब देखती थी।

उन्होंने कहा, मैं इसके सार को समझ लेती थी लेकिन भाषा या बोली नहीं समझ पाती थी। हैरानी की बात है कि मुझे ऐसा किरदार मिला जिसके लिए मुझे बोली सीखने जरूरत पड़ गई। मैं भाषा सीखने की इस प्रक्रिया का लुत्फ ले रही हूं और एक ट्यूटर रखा है। मैं इसकी शूटिंग करने को लेकर उत्ससाहित हूं क्योंकि इससे पहले मैंने ऐसा कुछ नहीं किया है। अभिनेत्री इन दिनों कन्नड़ भाषा सीखने की प्रैक्टिस कर रही हैं। राज और दामिनी शेट्टी निर्देशित फिल्म में पत्रलेखा कन्नड़ सुपरस्टार गणेश के साथ नजर आएंगी।